# लोकमणि लाल पुरस्कार

**(विद्यालय शिक्षण में उत्कृष्टता के लिए)**
**महर्षि पतजंलि विद्या मन्दिर समिति द्वारा शुभारम्भ**

**28 ए, शिलाखाना, तेलियरगंज, प्रयागराज–211004**
**फोन नं0 – 09335408970, 6390012408**
**ई–मेल–mpvmsamiti@gmail.com,**
**वेबसाइट–www.mpvm.edu.in**

**पत्रांक : एम.पी.वी.एम.समिति / एवार्ड / 25** **दिनांक : ....................**

सेवा में,

..............................................

..............................................

महोदय / महोदया

महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लोकमाणिलाल जी का विश्वास था कि शिक्षा राष्ट्र को गौरवशाली ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम नागरिकों को गढ़ने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनका मानना था कि विद्यालयों को ईमानदार और परिश्रमी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना चाहिए।

श्री लोकमाणिलाल को सच्ची श्रद्धांजलि स्वरूप, हमारी शैक्षिक संस्था महर्षि पतंजलि विद्या मन्दिर समिति ने लोकमाणिलाल पुरस्कार की स्थापना की है। ये पुरस्कार उन शिक्षकों को प्रदान किए जाते हैं जिन्होंने वर्षों से सृजनात्मकता, निरंतरता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित किया है लोकमाणिलाल पुरस्कार उनके इस अनुकरणीय योगदान को सम्मानित कर, उन्हें अपने इस नेक मिशन को जारी रखने के लिए प्रेरित करता है तथा अन्य लोगों को भी उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा देता है।

इसी क्रम में, वर्ष 2025 हेतु नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। यह नामांकन पूरे भारत के सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई. एवं राज्य बोर्ड के सरकारी एवं गैर–सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों से किए जाएँगे। पुरस्कार छह श्रेणियों में प्रदान किए जाएँगे:

1. उत्कृष्टता पुरस्कार – जीवन पर्यन्त प्राप्त उपलब्धियों के लिये (रू0 1,00,000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)
2. उत्कृष्टता पुरस्कार – मूलभूत एवं प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में शिक्षण के लिए (नर्सरी से कक्षा 5 तक) (रू0 51, 000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)
3. उत्कृष्टता पुरस्कार – माध्यमिक स्तर विद्यालयों में शिक्षण के लिए (कक्षा 6 से 8 तक) (रू0 51, 000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)
4. उत्कृष्टता पुरस्कार – उच्च माध्यमिक स्तर विद्यालयों में शिक्षण के लिए (कक्षा 9 से 12 तक) (रू0 51, 000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)
5. उत्कृष्टता पुरस्कार – आर्थिक रूप से कमजोर एवं पिछड़े बच्चों को शिक्षित करने के लिए (रू0 51, 000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)
6. उत्कृष्टता पुरस्कार – आर्थिक रूप से वंचित, पिछड़ी हुई महिलाओं को शिक्षित करने के लिए (रू0 51, 000 / – नकद, सम्मानपत्र एवं ट्राफी)

विद्यालय के निदेशक/ प्रधानाचार्य के रूप में आप अपने शिक्षकों को भली–भाँति जानते हैं, क्योंकि आप उनके साथ प्रतिदिन संवाद करते हैं और उनकी शक्तियों तथा सीमाओं से अवगत हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विद्यालय से उपयुक्त शिक्षकों के नामांकन भेजें। यदि नामांकित व्यक्ति स्वयं प्रधानाचार्य हैं, तो नामांकनकर्ता विद्यालय प्रबंधक/निदेशक होना चाहिए। आवेदन एवं नामांकन प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट – www.mpvm.edu.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पिछले वर्षों में दिए गए पुरस्कारों का विवरण भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हमने यह प्रथम कदम वर्ष 2011 में उठाया था। हमें प्रसन्नता होगी यदि इस वर्ष भी आपकी सहायता से हम योग्य एवं योग्यतम शिक्षकों का सम्मान कर सकें और इस गौरवशाली परंपरा को आगे श्रबढ़ा सकें। यह अवगत कराना भी आवश्यक है कि एम.पी.वी.एम. समूह के विद्यालय इन पुरस्कारों के लिए प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं होंगे।

आपसे निवेदन है कि योग्य पात्रों को **15 सितम्बर 2025** से पूर्व ही नामांकित करने की कृपा करें।

सधन्यवाद

भवदीय

(यशोवर्धन)
पुरस्कार – निदेशक

( डॉ0 कृष्णा गुप्ता )
सचिव
महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर समिति